**प्रेस नोट**

**दिनांक 13.06.2025**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया निरीक्षण,जवानों को अनुशासन, एकरूपता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश-

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आज दिनांक 13 जून 2025 को रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में सम्मिलित पुलिस बल के जवानों की टर्नआउट, ड्रेसिंग सेंस, शारीरिक संतुलन, कतारबंदी, ड्रिल अभ्यास, फायर ऑर्डर की एकरूपता, अनुशासन, आदेश पालन, दक्षता एवं तालमेल आदि का गहनता से अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि परेड केवल एक परंपरागत गतिविधि नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक पुलिसकर्मी के भीतर समर्पण, अनुशासन, एकजुटता, समयबद्धता और मानसिक सजगता विकसित करने का माध्यम है, जो पुलिसिंग के मूल तत्वों में से एक है। उन्होंने कहा कि परेड के माध्यम से पुलिस बल में अनुशासन की निरंतर भावना को बनाए रखना संभव होता है, जो कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा जैसे प्राथमिक कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुशासित व सक्षम बल ही समाज में विश्वास कायम कर सकता है। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड ग्राउंड पर ही जवानों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनकी सेवा संबंधी समस्याएं, मांगें व सुझाव सुने गए, जिस पर उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक संज्ञान लेते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु निर्देशित किया।

**इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री शिल्पा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण एवं समस्त परेड स्टाफ उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**